एच० ए० एल० लखनऊ में निर्मित अवैध तमंचे

3060. **श्री आनन्द प्रकाश गौतम:** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस आशय के समाचारों की जानकारी है कि रक्षा उत्पादन के एक उपक्रम एच० एल० ए० लखनऊ में पिछले कई वर्षों से कलपुर्जों और मशीनों की सहायता से अवैध तमंचे बनाने का धंधा खुले आम चल रहा है ;

(ख) क्या इस उपक्रम में ऐसे अपराधिक तत्वों की घुसपैठ से देश की सुरक्षा के लिये खतरा हो गया है ; और

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (क) और (ख) का उत्तर "हां" हो तो इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

रक्षा मंत्रालय में रक्षा उत्पादन और पूर्ति विभाग में राज्य मंत्री (श्री चिन्तामणि पाणिग्रही) : (क) से (ग) हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड की लखनऊ डिवीजन में अवैध रूप से पिस्तौल बनाने संबंधी पुराने आरोप की एक रिपोर्ट थी। हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड द्वारा आंतरिक जांच करने के अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश सरकार और केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने भी इसकी जांच की थी लेकिन आरोप साबित नहीं हो सका ।

एच०ए०एल० लखनऊ द्वारा घटिया पुर्जों की खरीद

3061. **श्री आनन्द प्रकाश गौतम** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को हाल में समाचार पत्रों में प्रकाशित कुछ समाचारों की जानकारी है कि एच. ए. एल., लखनऊ में कार्यरत जिम्मेदार अधिकारी विमानों के लिये गैर-सरकारी ठेकेदारों से घटिया किस्म के पुर्जों की खरीद कर रहे हैं ;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी भी है कि कम्पनी के बाहर कार्य कर रहे इन गैर-सरकारी ठेकेदारों से अतिसंवेदन शील पुर्जों को बनवाने के लिये ये अधिकारी उन्हें ऐसे पुर्जों के गोपनीय डिजाइनों की सप्लाई भी करते हैं; और

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (क) और (ख) का उत्तर "हां" हो, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

रक्षा मंत्रालय में रक्षा उत्पादन और पूर्ति विभाग में राज्य मंत्री (श्री चिन्तामणि पाणिग्रही) :

(क) से (ग) इस संबंध में स्थानीय समाचार-पत्रों में रिपोर्ट छपी हैं । गैर-संवेदनशील उपकरणों के हिस्से-पुर्जों को उप-ठेकेदारी उपयुक्त जांच के साथ मानक प्रक्रियाओं के अधीन मान्य निर्माताओं को दी जाती है । हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड सरकार के निर्देश के अनुसार अनुषंगी उद्योगों को प्रोत्साहित करती है, लेकिन उचित जांच के जरिए गुणता और कार्य निष्पादन सुनिश्चित करती है और मान्य निर्माताओं को कुल सहायक उपकरणों की ड्राइंग न भेज कर केवल किसी संघटक विशेष की सुसंगत ड्राइंग सप्लाई करके, सुरक्षा सुनिश्चित करती है ।

Constraints on the Eighth Five Year Plan

3062. SHRI A. G. KULKARNI:
SHRI VIRENDRA VERMA:

Will the Minister of PLANNING be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the Press Statement dated 3rd August, 1988 in the Times of India under the heading "Constraints on the Eighth Plan" and state what are the facts on the main assumptions made therein; and

(b) whether the higher trade deficit, higher amount of deficit finance, increase in the interest liabilities and the heavy price rise are affecting the formulation of the Eighth Five Year Plan?

THE MINISTER OF PLANNING AND THE MINISTER OF PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI MADHAVSINH SOLANKI): (a) Yes, Sir. However, some of the assumptions made therein such as slow growth of exports and acute foreign exchange crisis are not tenable.

(b) No, Sir. The Planning Commission has decided that the Eighth Five Year Plan (1990—95) should be based on the assumption of a six percent growth rate of Gross Domestic Product. The Commission is currently working on an Approach Paper to the Eighth Plan based on the Six percent GDP growth rate target.

एच.ए.एल. लखनऊ में विदेशी एजेंटों की घुसपैठ

3063. **श्री आनन्द प्रकाश गौतम:** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि एच.ए.एल. के लखनऊ स्थित एकक में कुछ विदेशी एजेंटों ने घुसपैठ कर ली है ;

(ख) क्या इस संबंध में जांच कराए जाने की मांग करते हुए एच.ए.एल. लखनऊ के कर्मचारियों द्वारा कोई ज्ञापन दिया गया है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस गंभीर रहस्योद्घाटन की जांच कराने के लिए कोई कदम उठाए हैं ?

रक्षा मंत्रालय में रक्षा उत्पादन और पूर्ति विभाग में राज्य मंत्री (श्री चिन्तामणि पाणिग्रही) : (क) से (ग) लखनऊ स्थित हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड कर्मचारी संघ, जो कि गैर-मान्यता प्राप्त संघ है, ने हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड के लखनऊ डिवीजन में हुई सुरक्षा की एक चूक सहित कई आरोपों का एक ज्ञापन सरकार को पेश किया है। हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड के प्रबंध मण्डल के पास इस आरोप को साबित करने के लिए कोई सूचना नहीं है कि इसकी लखनऊ यूनिट में विदेशी एजेंटों की घुसपैठ हुई है। इस ज्ञापन को उचित कार्रवाई और रिपोर्ट के लिए हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड को भेज दिया गया है।

Corruption and espionage activities in HAL

3064. SHRI SHANKER SINH VAGHELA: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether Government have received recently any Memorandum from the Hindustan Aeronautics Ltd., Employees' Union, Lucknow regarding rampant corruption and espionage activities; if so, the details thereof; and

(b) the action taken by Government thereon?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF DEFENCE PRODUCTION AND SUPPLIES IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI): (a) and (b) Government have received recently a Memorandum from Hindustan Aeronautics Limited Employees' Union, Lucknow which is an un-recognized union, alleging various malpractices in Lucknow Division of HAL including corruption, theft and security lapses. The memorandum has been forwarded to M/s HAL for appropriate action and report.

Indigenous aircraft carrier

3065. SHRI TALARI MANOHAR: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the USSR had offered the supply of design assistance for the indigenous aircraft carrier project on the basis of their successful Kiev class ship; and

(b) if so, the details thereof?